(2.3) (31)

<u>प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप</u>

परियोजना का नाम :— जनपद चम्पावत के लोहाघाट के समीप कोलीढेक में बहुउद्देशीय कृत्रिम जलाशय (झील) का निर्माण।

आज दिनाँक—20.06.2018 व 21.06.2018 को निर्माण सिंचाई खण्ड, लोहाघाट (एजेन्सी का नाम) के द्वारा जनपद चम्पावत के लोहाघाट के समीप कोलीढेक में बहुउद्देशीय कृत्रिम जलाशय (झील) का निर्माण किये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री राम दत्त मठपाल, वनदरोगा, श्री रियाज अहमद, वन बीट अधिकारी, राजस्व विभाग की ओर से कु0 प्रतिभा जोशी, उपराजस्व निरीक्षक, श्री राजेन्द्र नाथ, उपराजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री अमित उप्रेती, कनिष्ठ अभियन्ता, श्री इश्हाक मौहम्मद, जिलेदार, श्री अमित विश्वकर्मा, सींचपर्यवेक्षक के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से प्रस्तावित स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है। वन पंचायत भूमि 1.308 हे0, सिविल भूमि 3.192 हे0 कुल 4.500 हे0 प्रभावित होगी। 4.500 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 672 वृक्ष देवदार प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे एवं नाप भूमि में 142 देवदार एवं 01 बांज प्रजाति का वृक्ष प्रभावित होगा।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु उक्त स्थल के अलावा अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है ।
चयनित उपयुक्त स्थल के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।
इस स्थल पर झील के निर्माण के दौरान जो मलुवा होगा उस मलुवे को झील के निर्माण में ही प्रयुक्त किया जायेगा। मलुवे को खुला नहीं छोड़ा जायेगा।
नोट— इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली गई है।

| | | |
|---|---|---|
| हस्ताक्षर<br>(प्रयोक्ता एजेन्सी)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(वन विभाग)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(राजस्व विभाग)<br>प्रतिनिधि |

जिलेदार सिंचाई उपखण्ड चम्पावत
सहायक अभियन्ता प्रथम निर्माण उप खण्ड लोहाघाट जनपद- चम्पावत
वन क्षेत्राधिकारी वन क्षेत्र-लोहाघाट वन प्रभाग चम्पावत
वन प्रभागीय वनाधिकारी लोहाघाट
राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र ... जिला चम्पावत
अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड लोहाघाट
उपजिलाधिकारी लोहाघाट
तहसीलदार लोहाघाट
राजस्व उपनिरीक्षक लोहाघाट तहसील लोहाघाट
जिलाधिकारी चम्पावत
प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत